-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 13.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना बबेरु पर नियुक्त होमगार्ड ने पेश की ईमानदारी की मिशाल। कस्बा बबेरु में मेले में गिरे व्यापारी के 27900 रुपये किए वापस। बबेरु पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों की मदद से व्यक्ति की पहचान कर गिरे हुए रुपये कराये गये वापस।**

विवरण- आज दिनांक 13.10.2024 को थाना बबेरु के कस्बा बबेरु में पुलिस द्वारा व्यापारी के खोए हुए 27 हजार 900 रुपये सुपुर्द किए गए। गौरतलब हो कि दिनांक 12.10.2024 को कस्बा बबेरु में देर शाम मेले के दौरान कस्बा बबेरु के मनोरथ थोक के रहने वाले व्यापारी हरिशंकर गुप्ता का एक लाल पॉलीथीन में बंधे 27900 रुपये गिर गये। अत्यधिक भीड़भाड़ एवं मेला होने के कारण व्यापारी को पता नहीं चला। गिरे हुए रुपये ड्यूटी पर लगे होमगॉर्ड फूलचन्द्र को मिल गए जिसकी सूचना होमगॉर्ड द्वारा प्रभारी निरीक्षक बबेरु बलराम सिंह को दी गई तथा रुपये थाना कार्यालय में जमा करा दिए गए। आज दिनांक 13.10.2024 को सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल से व्यक्ति की पहचान की गई तथा उन्हे बुलाकर होमगार्ड फूलचन्द्र से उनके रुपए वापस कराए गए। व्यापारी द्वारा हृदय से पुलिस टीम का धन्यवाद दिया।